जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2023/146 दिनांक 17/10/2023

// अधिसूचना //

विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा मार्च-अप्रैल, 2023 की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले ऐसे छात्रों के लिए जो खेल गतिविधियों एवं राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक गतिविधियों के कारण निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सके हैं या कुछ प्रश्नपत्रों की परीक्षा देने से वंचित हो गये हैं, उनके हितों का ध्यान रखते हुए विशिष्ट परीक्षा कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

ऐसे समस्त छात्रगण निम्नानुसार वर्णित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन भरकर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। उनकी तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती हैं।

1. ऐसे समस्त छात्रगण जिस परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं। उसके पूर्व में जारी प्रवेश-पत्र एवं खेल एवं अन्य गतिविधियों में सम्मिलित होने के प्रमाण-पत्र के साथ अपना आवेदन पत्र महाविद्यालय के प्राचार्य से अग्रेषित कराकर सम्पूर्ण दस्तावेज संलग्न कर विश्वविद्यालय के सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त कर जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के प्रशासनिक भवन में छात्र सहायता केन्द्र में आई.टी. सैल नोडल प्रभारी से दिनांक 20 अक्टूबर, 2023 तक अनिवार्य रूप से सम्पर्क कर अपने आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया को पूर्ण करें।
2. निर्धारित तिथि के बाद किसी भी छात्र का आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।
3. ऐसे समस्त परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन भरकर आवेदन पत्र में आवश्यक प्रपत्र संलग्न कर तथा महाविद्यालय के प्राचार्य से अग्रेषित कराकर दिनांक 26 अक्टूबर, 2023 तक विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में छात्र सहायता केन्द्र में अनिवार्य रूप से जमा करायें।
4. ऐसे सभी छात्रों को ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरते समय किसी भी प्रकार का परीक्षा शुल्क भुगतान नहीं करना है।

परीक्षा नियंत्रक,

प्रतिलिपि :–

1. संपादक महोदय, दैनिक .... की ओर भेजकर निवेदन है कि उपर्युक्त अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
4. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. प्रभारी, एम.पी.ऑनलाईन, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
7. पूछताछ कक्ष, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
8. इंचार्ज संबंधित कक्षा के प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

उप/सहा0–कुलसचिव (परीक्षा)